**SITAPUR POLICE**

**"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"**

## प्रेस नोट-जनपद सीतापुर

# लूट का शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, आभूषण व अवैध शस्त्र बरामद

**दिनांक 20.02.2026**

पुलिस अधीक्षक सीतापुर, श्री अंकुर अग्रवाल महोदय द्वारा जनपद में लूट/चोरी/नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए रोकनें व अपराधियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है।

उक्त दिये गये निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी बिसवां श्री अमन सिंह के नेतृत्व में थाना सकरन की पुलिस टीम द्वारा पुलिस चैकिंग के दौरान अभियुक्त कुलदीप कुमार द्विवेदी पुत्र रामप्रकाश द्विवेदी निवासी रैपुरा थाना जसपुर जनपद बांदा हालपता मकान न0 01/291 सेक्टर एच एकता पार्क जानकीपुरम थाना गुडम्बा जनपद लखनऊ को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्त के पास से **एक जोडी टप्स पीली धातु , एक अदद लाकेट पीली धातु ,एक जोडी कटिया पीली धातु , एक जोडी पुरानी पायल सफेद धातु , दो जोडी बिछुआ पुरानी सफेद धातु व एक अदद नाजायज तमांचा 315 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व घटना में प्रयुक्त वाहन मोटरसाइकिल नम्बर UP14BZ8534 हीरो स्ट्रीम बरामद** हुई है।

**अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया कि** साहब मैंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर दिनाकं 31.1.2026 को महोलिया चौकी के पास के सोनार जो दुकान बन्द कर अपने घर जा रहा था जिसके साथ मै व मेरे साथी इसी मोटरसाइकिल नम्बर UP14BZ8534 हीरो स्ट्रीम से सोनार का पीछा करके रास्ते में रोककर उसके डिग्गी मे रखे बैग जिसमे जेवर सोने चादी के व नगदी लगभग 15000 रुपये दुकान की चाभी व कुछ बैंक के कागज व आधार थे। जिसको हमने छीन लिये थे ।रास्ते मे जाते समय एक स्कूल था उसके आगे पन्नी में रखे चाभी व कुछ बैंक के कागज व आधार पन्नी सहित फेक दिए थे। जेवर कुछ मेरे हिस्से मे मिला था। शेष जेवर मेरे साथियों के पास है। नगदी भी हमने बांट ली थी मेरे हिस्से में जो जेवर आया थी वह यही है। प्रकरण के संबंध में थाना सकरन पर मु0अ0सं0 31/26 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत है। बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस व धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट, की बढोत्तरी की गई है। अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

**पंजीकृत अभियोग:-**

1.मु0अ0सं0 31/26 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस व धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट थाना सकरन सीतापुर

**अभियुक्त का नाम/ पता-**

1 कुलदीप कुमार द्विवेदी पुत्र रामप्रकाश द्विवेदी निवासी रैपुरा थाना जसपुर जनपद बांदा हालपता मकान न0 01/291 सेक्टर एच एकता पार्क जानकीपुरम थाना गुडम्बा जनपद लखनऊ

**बरामदगी-** एक जोडी टप्स पीली धातु , एक अदद लाकेट पीली धातु ,एक जोडी कटिया पीली धातु , एक जोडी पुरानी पायल सफेद धातु , दो जोडी बिछुआ पुरानी सफेद धातु व एक अदद नाजायज तमांचा 315 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व घटना में प्रयुक्त वाहन मोटरसाइकिल नम्बर UP14BZ8534 हीरो स्ट्रीम बरामद।

**पुलिस टीम थाना सकरन** – उ0नि0 रामनारायण द्विवेदी, मय हमराह उ0नि0 सतीशचन्द्र हे0का0 विक्रान्त सिंह ,हे0का0 सुरेन्द्र कुमार , का0 आकाश कुमार ,का0 अनुराग अग्निहोत्री